हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 28 अगस्त 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 कई राशन दुकानों में खाद्यान्न वितरण में...



07 ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस, अंजुमन की निगरानी...



खबर संक्षेप

शाला बंद मिलने पर प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस



सीहोर। जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा ने 27 अगस्त को जिले के शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोपहर 2.45 बजे प्राथमिक शाला जाजनखेड़ी बंद पाई गई। शाला के बंद मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसी क्रम में हाई स्कूल खजुरियाकला का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नहीं पाया गया। साथ ही शाला की व्यवस्थाएं भी सुचारु नहीं मिलीं। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और विद्यालयों का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

झंडा दिवस निधि में दान करने की कलेक्टर ने की अपील

सीहोर। देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए, दिव्यांग हुए सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस पुनीत कार्य के लिए जिले के सभी अधिकारियों एवं नागरिकों से झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक दान करने की अपील की है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भारतीय सेना के तीनों अंग देश की रक्षा के लिए सदैव सजग रहते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा एवं प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा में भी सेना का बहुत बड़ा योगदान है। कर्तव्य-पालन में हमारे अनेक सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं। उनके बलिदान एवं योगदान के लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। झंडा दिवस पर सशस्त्र सेनाओं के आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान के जरिए उनके प्रति कृतज्ञता और एकजुटता प्रदर्शित करने का एक उत्तम अवसर है।

जिले में सीहोर शहर में सबसे ज्यादा 36 इंच बारिश, जिले भर में अभी 18.29 इंच बारिश की और जरूरत

दो दिन से लगी सावन की झड़ी: 66 में से 6 तालाब भरे, 60 तालाबों के पेट अभी भी खाली

1 जून से 27 अगस्त तक सीहोर शहर में सर्वाधिक 35.98 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो बीते वर्ष की इसी अवधि 30.76 इंच से अधिक है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मानसून सीजन के 75 दिन बीत जाने के बाद भी जिले में बारिश का दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां सीहोर शहर में बीते दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से आंकड़े राहत देने वाले नजर आ रहे हैं, वहीं जिले के अन्य हिस्सों में बारिश का दौर थमा हुआ है। जिले भर में बारिश के इस असमान और सुस्त रवैये के कारण कैचमेंट एरिया रीते पड़े हैं, जिससे तालाबों और जलाशयों का पेट खाली है। सिंचाई विभाग के नियंत्रण वाले 66 तालाबों में से अब तक महज 6 तालाब ही पूरी तरह भर पाए हैं, जबकि 60 तालाबों को अब भी पर्याप्त पानी का इंतजार है।

भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस मानसून सीजन में बारिश के मामले में सीहोर शहर जिले भर में सबसे आगे चल रहा है। 1 जून से 27 अगस्त तक सीहोर शहर में सर्वाधिक 35.98 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो बीते वर्ष की इसी अवधि 30.76 इंच से भी अधिक है। जबकि रेहटी 33.54 इंच, भैरुंदा में 31.97 इंच, बुधनी में 29.68 इंच, आष्टा 27.80 इंच, इछावर में 26.46 इंच, श्यामपुर में 26.36 इंच और जावर में 21.53 इंच बारिश रिकार्ड की गई है।

कोटा पूरा होने में अभी भी 18.29 इंच बारिश की जरूरत

जिले की वार्षिक सामान्य औसत वर्षा 45.21 इंच तय है। 27 अगस्त तक जिले में औसतन 26.93 इंच बारिश ही हो सकी है। यानी बारिश का कोटा पूरा करने के लिए जिले को अभी 18.29 इंच और पानी की सख्त दरकार है। पिछले साल इस समय तक औसतन 28.05 इंच बारिश हो चुकी थी, जिसके मुकाबले इस बार 1.13 इंच कम जलवर्षा हुई है।

60 में से महज 6 तालाब ही लबालब : जल संसाधन विभाग से प्राप्त एमसीएम में आंकड़ों के अनुसार भगवानपुरा तालाब की क्षमता 6.71 है, जबकि अब तक यह तालाब 2.69 भरा सका है। इसी तरह जमोनिया तालाब की क्षमता 11.32, अब तक भराया 4.53, रामपुरा की क्षमता 11.83 अब तक भरा 3.6, दोराहा की 15.54 अब तक भराया 11.73, घोघरा 17.43 अब तक भराया 15.59, कांकड़ाखेड़ा की 4.58 अब तक भराया 1.99, मैना-01 की 1.82 अब तक भराया 00, मैना-02 की 0.54 अब तक भराया 00, झरखेड़ा की 0.37 अब तक भराया 0.37 और झालपीपली की 1.15 अब तक 0.51 एमसीएम भरा सका है।


27,500 हेक्टेयर की रबी सिंचाई और शहरों की प्यास पर खतरा

तालाबों के खाली रहने से जिले में बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। जल संसाधन विभाग के तालाबों से हर साल रबी सीजन में लगभग 27,500 हेक्टेयर कृषि भूमि में फसलों की सिंचाई होती है। पानी कम होने से किसानों की बोहनी पर असर पड़ेगा। इसके अलावा सीहोर शहर की 80 हजार आबादी के लिए पेयजल आपूर्ति जमोनिया और भगवानपुरा तालाबों पर निर्भर है, जबकि आष्टा शहर के लिए रामपुरा डैम का पानी उपयोग में लाया जाता है। यदि आने वाले दिनों में कैचमेंट एरियों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो गर्मी के दिनों में भीषण जल संकट पैदा हो सकता है।

मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट जारी

इधर मौसम विभाग ने जिले में पश्चिमी और मध्य मानसूनी सिस्टम के सक्रिय होने से ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आगामी 48 से 72 घंटों में 100 से 150 मिमी लगभग 4 से 6 इंच तक भारी बारिश का अनुमान है। यदि यह बारिश कैचमेंट इलाकों में मूसलाधार होती है, तभी खाली पड़े तालाबों का पेट भरेगा और राहत मिल सकेगी।

नई डिजाइन की राखियां बहनों की पहली पसंद, 10 से 300 रुपए तक की राखी उपलब्ध, ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रक्षाबंधन की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के अलग-अलग जगहों पर राखी की दुकानें सज गई हैं। बड़ी संख्या में बहनें राखी खरीदने पहुंच रही हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा के अनुसार इस त्योहार पर बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं। वे भाई की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है। राखी बांधने का मुख्य शुभ 28 अगस्त सुबह 7:33 बजे से 9:10 बजे तक लाभ मुहूर्त रहेगा। इसके बाद 9:10 बजे से 9:48 बजे तक अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन अवधियों में राखी बांधना शुभ माना जाता है। इसलिए अगर परिवार सुबह राखी बांधने की तैयारी कर रहा है तो सुबह 7:33 से 9:48 बजे के बीच का समय खास तौर पर ध्यान में रखा जा सकता है।

राखी विक्रेता मोहित अरोरा के अनुसार एडी की राखी 200, कोरियर की 100, एडी टच 200, नार्मल 60, खाटू श्याम 70, भैया भाभी की 350, रेशम के धागे 30 रुपए के बारह, कीरिंग वाली 150 रुपए में बिक रही हैं। रुद्राक्ष, महादेव त्रिशूल और गणेशजी की राखी 40 रुपए में खूब पसंद की जा रही हैं। किड्स राखी भी बच्चों को आकर्षित कर रही है। नवीन डिजाइनों की राखियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं। राखी की दुकानें बाजार की स्थाई दुकानों में ही लगी हैं, इसलिए ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य है।

कर्मचारियों और पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन, पांच सूत्रीय मांगें रखीं

सीहोर। प्रांताध्यक्ष शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ रामगोपाल सेन ने प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनरों की लंबित पांच सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल के नाम उनके कार्यालयों में फैक्स कर शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने जिन समस्याओं का ज्ञापन में उल्लेख कर निराकरण की मांग की उनमें निम्न प्रमुख हैं। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पांच सूत्रीय मांगें रखी गई हैं। इनमें कर्मचारियों एवं पेंशनरों का लंबित महंगाई भत्ता तत्काल प्रदान किए जाने की मांग प्रमुख है। साथ ही मंत्रालय में पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पद उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में वर्तमान में कार्यरत पद पर ही पदोन्नति के अनुरूप पदस्थ किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दो-दो माह बीत जाने के बाद भी कमिश्नर कोषालय द्वारा पीपीओ जारी किए जाने के बावजूद ग्रेच्युटी एवं पेंशन की राशि उनके खातों में जमा नहीं हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व व्यवस्था के अनुसार जिला स्तर पर जिला पेंशनर कार्यालय पुनः सृजित कर व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। इसके अलावा पेंशनरों को सेवानिवृत्ति के समय पीपीओ के साथ ही आयुष्मान कार्ड जारी किए जाने तथा पेंशनरों को प्रतिमाह 2 हजार रुपये चिकित्सा भत्ता प्रदान किए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। ज्ञापन में आशा व्यक्त की गई कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों की इन पांचों मांगों के निराकरण के लिए शासन स्तर से उचित दिशा-निर्देश जारी कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से मप्र शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन सहित बी.एम.सिंह सिसोदिया, सिद्धू सिंह ठाकुर, पी.के. श्रीवास्तव, शंकर शर्मा, बी.एस. देवड़ा, आलोक शर्मा,बलराम सिसोदिया, बहादुर सिंह परमार, सुनील भार्गव, चन्द्र क्रांति श्रीवास्तव, आर.आर. उइके, महेश बगबैया, मूलचंद्र दहेलिया, मोहन सोनगृहा, मदनलाल वर्मा, भगवती प्रसाद गेहलोत, तुलसीराम परमार आदि प्रमुख हैं।

एक ही रात दो दुकानों में चोरी, नकाबपोश चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद, लोहे की रॉड लेकर घूमता दिखा संदिग्ध

सीहोर। जिले के रेहटी में एक ही रात दो दुकानों में चोरी की घटनाएं सामने आने से व्यापारियों और रहवासियों में चिंता बढ़ गई है। दोनों घटनाओं में संदिग्ध की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई हैं। वहीं, मंडलोई कॉलोनी में भी एक व्यक्ति हाथ में लोहे की रॉड लेकर घूमता नजर आया। लगातार सामने आए इन मामलों के बाद पुलिस की रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

रेहटी स्टैंड की दुकान में तीन बार घुसा चोर : पहली घटना रेहटी स्टैंड स्थित एक दुकान में हुई। सीसीटीवी फुटेज में एक नकाबपोश व्यक्ति दुकान के अंदर तीन बार जाता दिखाई दे रहा है। बताया गया कि आरोपी ने दुकान के गल्ले से चिल्लर सहित अन्य सामान चोरी किया। घटना के बाद दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि, फिलहाल मामले में किसी आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी सामने नहीं आई है।

दूसरी दुकान में भी चोरी की कोशिश : इसके बाद यही संदिग्ध सलकनपुर चौकी के सामने स्थित दूसरी दुकान में पहुंचा। यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में उसका चेहरा स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड होने की बात सामने आई है। लगातार दो दुकानों को निशाना बनाए जाने से व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

चोरी की घटनाओं के बीच मंडलोई कॉलोनी से सामने आए एक अन्य सीसीटीवी फुटेज ने भी लोगों की चिंता बढ़ा दी है। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में लोहे की रॉड लेकर घूमता और एक घर की ओर जाता दिखाई दे रहा है। हालांकि, इस व्यक्ति का चोरी की घटनाओं से कोई संबंध है या नहीं, यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।



पुलिस की रात्रि गश्त पर उठे सवाल : सलकनपुर चौकी और प्रमुख चौराहों के आसपास रात के समय हुई इन घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठाए हैं। नागरिकों का कहना है कि प्रमुख स्थानों के आसपास निगरानी और गश्त बढ़ाने की जरूरत है। व्यापारियों और स्थानीय संगठनों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, कस्बे में रात्रि गश्त और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की अपील की गई है।

कुएं में कूदा 40 वर्षीय व्यक्ति, आपदा राहत टीम की मदद से बाहर निकाला



रेहटी। थाना रेहटी क्षेत्र में पांगरा के पास बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते कुएं में छलांग लगा दी। कुएं में व्यक्ति के गिरने की सूचना मिलते ही पुलिस सहायता के लिए डायल-112 को सूचना दी गई। घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 26 अगस्त को शाम करीब 7 बजे प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा बिना देरी किए थाना रेहटी क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। सूचना मिलते ही डायल-112 स्टाफ सैनिक विनोद वर्मा पायलट मुकेश चौहान मौके पर पहुंचे। कुएं में व्यक्ति के गिरने की जानकारी और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जवानों ने तत्काल थाना रेहटी से आपदा राहत टीम की सहायता ली। इसके बाद पुलिस एवं आपदा राहत टीम ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान शुरू किया और प्रयास के बाद कुएं में गिरे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। व्यक्ति को कुएं से बाहर निकालने के बाद डायल-112 स्टाफ ने उससे पूछताछ की और समझाइश दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार व्यक्ति मानसिक तनाव में बताया जा रहा है। पुलिस ने आवश्यक समझाइश के बाद व्यक्ति को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। डायल-112 स्टाफ की तत्परता और आपदा राहत टीम के सहयोग से समय रहते व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

पीड़ित परिवार का कहना है यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे दिल्ली तक जाएंगे

न्याय की गुहार: घायल किसान को न्याय दिलाने बुजुर्ग पिता सीहोर से भोपाल पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम बडवेली के किसान सतीश मेवाड़ा के साथ हुए विद्युत हादसे ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में झूलते बिजली के तारों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेत में झूल रहे 11 केवी विद्युत तार की चपेट में आने से सतीश मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के अनुसार, उपचार में काफी खर्च होने के बावजूद उन्हें अब तक न्याय और अपेक्षित सहायता नहीं मिल सकी है।

घायल बेटे को न्याय दिलाने के लिए बुजुर्ग पिता उसे हाथ ठेले पर लेकर सीहोर से भोपाल पहुंचे। राजधानी में उन्होंने मंत्रियों एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई। पिता की यह तस्वीर लोगों को भावुक कर रही है। जिस पिता ने कभी बेटे को चलना सिखाया, वही आज घायल बेटे को हाथ ठेले पर लेकर न्याय की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर है।



दो माह से आंदोलन, कार्रवाई का इंतजार

पीड़ित किसान को न्याय दिलाने तथा विद्युत मंडल के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई की मांग को लेकर किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में सीहोर जिले के आसपास के करीब 25 गांवों के लगभग 500 किसानों द्वारा पिछले दो माह से आंदोलन किया जा रहा है। किसानों की ओर से मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। इसके अलावा भोपाल स्थित विद्युत मंडल के एमडी कार्यालय, प्रमुख अभियंता कार्यालय गोविंदपुरा, सीहोर कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं विद्युत मंडल कार्यालय में प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग उठाई गई है। किसानों का आरोप है कि लगातार शिकायतों और प्रदर्शनों के बावजूद संबंधित विद्युत अधिकारियों के खिलाफ अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

दिल्ली तक जाने की चेतावनी

पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे घायल किसान को हाथ ठेले पर लेकर दिल्ली तक जाएंगे और प्रधानमंत्री कार्यालय अथवा प्रधानमंत्री निवास तक अपनी फरियाद पहुंचाएंगे। परिवार का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। परिवार की मांग है कि घायल किसान को उचित उपचार एवं सहायता उपलब्ध कराई जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित किसान परिवार को उचित राहत एवं न्याय दिलाया जाए।

राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत पर चार उचित मूल्य दुकानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज



सीहोर। बुधनी एसडीएम संजीव नागू के निर्देश पर बुधनी विकासखंड की ग्राम पंचायत खैरी सिलगेना, नांनमेट, रतनपुर, खिड़ियाकुर्मी एवं चिकल्ली में राशन वितरण में अनियमितता संबंधी शिकायत मिलने पर सहायक आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान दुकानों पर मौजूद हितग्राहियों ने राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं, दुकान समय पर नहीं खुलने तथा पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक लगाने के बावजूद राशन सामग्री उपलब्ध नहीं कराने जैसी शिकायतें दर्ज कराईं।

निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न स्टॉक में भी अंतर पाया गया। मौके पर निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा उचित मूल्य दुकान खेरी सिलगेना, नांनमेट, रतनपुर, खिड़ियाकुर्मी एवं चिकल्ली के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। संबंधित समिति प्रबंधक, समूह अध्यक्ष एवं दुकान विक्रेताओं द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 की कंडिकाओं का उल्लंघन किए जाने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण को लेकर अनियमितता अथवा शिकायत पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

खबर संक्षेप



कृषि विस्तार अधिकारियों की हड़ताल से कार्य प्रभावित होने की आशंका

भैरूंदा। लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन की ओर से ठोस निर्णय नहीं होने के विरोध में मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने 25 अगस्त से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इससे खरीफ सीजन में किसानों से जुड़े कार्य प्रभावित होने की आशंका है। कृषि विस्तार अधिकारियों की प्रमुख मांगों में ई-अटेंडेंस समाप्त करना, 2800 रुपए ग्रेड-पे, अतिरिक्त केंद्रीय भत्ता 500 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए प्रतिमाह करना तथा पटवारियों के समान 4000 रुपए एग्री स्टैक भत्ता सहित अन्य मांगें शामिल हैं। मांगों को लेकर अधिकारियों द्वारा पूर्व में ज्ञापन, ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार, कलमबंद कार्य बहिष्कार एवं सामूहिक अवकाश जैसे चरणों में आंदोलन किया गया था। 24 अगस्त को प्रदेशभर में सामूहिक अवकाश के बाद मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया। हड़ताल का असर वर्तमान खरीफ फसल की निगरानी, फसल में कीट-रोग की स्थिति की जानकारी एवं कृषि सलाह, उर्वरक उठाव एवं वितरण से जुड़े कार्यों पर पड़ सकता है। इस समय सोयाबीन, मक्का, अरहर सहित खरीफ फसलें महत्वपूर्ण अवस्था में हैं, ऐसे में किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इसके साथ ही मूंग उपार्जन के बाद किसानों से जुड़े दस्तावेज, भुगतान एवं अन्य समस्याओं के निराकरण में भी परेशानी की शिकायत आ रही है। उर्वरक की मांग, उपलब्धता एवं किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने में कृषि विभाग के मैदानी अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कृषि विस्तार अधिकारी किसानों और शासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए किसानों के हित में शासन और संघ के बीच शीघ्र सकारात्मक वार्ता कर मांगों का समाधान किया जाना आवश्यक है, ताकि खरीफ सीजन के कृषि कार्य, उर्वरक व्यवस्था एवं मूंग उपार्जन से जुड़े कार्य प्रभावित न हों।

गरीब परिवार बाजार से महंगे दामों पर राशन खरीदकर कर रहे हैं गुजर-बसर

कई राशन दुकानों में खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी शिकायत के बावजूद प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

गरीब , आदिवासी परिवारों को नहीं मिला 3-6 माह से खाद्यान्न , परिवार के सामने भरण - पोषण का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

तहसील क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत संचालित उचित मूल्य की दुकानों में पिछले कई महीनों से जमकर गड़बड़ियां की जा रही हैं। आलम यह है कि हितग्राहियों को कहीं 3 से 6 महीने से राशन नहीं दिया जा रहा है, कहीं आधा -अधूरा खाद्यान्न ही पकड़ाया जा रहा है। तो कई दुकानों पर गरीबों को पर्ची देकर राशन देने का झूठी उम्मीद बंधाई जा रही। स्थिति जो भी हो लेकिन जनपद क्षेत्र के गरीब और आदीवासियों को इस समय खाद्यान्न के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से राशन नहीं मिलने के चलते कई परिवारों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। हालात यह है कि गरीब परिवारों को बाजार से महंगे दामों पर राशन खरीदकर गुजारा करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि वह इस संबंध में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से खाद्यान्न नहीं मिलने के कारण परिवार को त्यौहार के मौके राशन जुटाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत दौलतपुर के सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों ने एसडीएम को आवेदन देकर इसकी शिकायत की है। इससे पहले लालियाखेड़ी, झरखेड़ा के ग्रामीण भी एसडीएम से खाद्यान्न दिलाने की गुहार लगा चुके हैं।

ग्राम पंचायत दौलतपुर के सरपंच सहित ग्रामीणों ने गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत उन्हें पिछले तीन माह से खाद्यान्न नहीं मिला है। गांव में 236 बीपीएल कार्ड धारक परिवार है , लेकिन इनमें से महज 100 परिवारों को ही राशन दिया गया है , जबकि 136 परिवार लंबे समय से खाद्यान्न मिलने की बाट जोह रहे है। पूछने पर सेल्समैन कहता है कि शासन से अभी खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हुआ है , जब प्राप्त होगा वितरण कर दिया जाएगा। सरपंच जगराम कर्मा ने बताया कि खाद्यान्न वितरण में सेल्समैन द्वारा अक्सर गड़बड़ी किये जाने की शिकायते मिल रही है , फिलहाल ढेड सौ परिवारों को पिछले तीन माह से खाद्यान्न नहीं दिया गया है। गांव में अधिकांश आदिवासी परिवार हैं । राशन नहीं मिलने के कारण त्योहार के मौके पर उन्हें राशन के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। जबकि कई परिवारों के सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है।



इछावर। गांव झरखेड़ा के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया।

बरखेड़ाकुर्मी में मामला उजागर होने पर सेल्समैन ने लौटाए रुपए

क्षेत्र के बरखेड़ाकुर्मी में पिछले दो महीने से हितग्राहियों को राशन का वितरण नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि सेल्समैन द्वारा राशन देने के नाम पर महीनों पहले रुपए तो ले लिए थे, लेकिन राशन आज तक नहीं दिया। मामला उजागर होने पर ग्रामीण और महिलाएं बड़ी संख्या में उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचीं और सेल्समैन पर राशन देने का दबाव बनाने लगी। सेल्समैन ने राशन उपलब्ध नहीं होने की बात कहते हुए एवं स्थिति को भांपते हुए लोगों के रुपए लौटा दिए। गांव की अनीता बाई , कृष्णा और सुनीता आदि महिलाओं ने बताया कि राशन वितरण में सेल्समैन द्वारा जमकर गड़बड़ी की जाती है। 3-4 महीने में महज एक - दो महीने का ही राशन दिया जाता है। पिछले दो महीने से खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है जबकि सेल्समैन ने रुपए पहले ले लिया था , आज विरोध के बाद उसने रुपए तो लौटा दिए , लेकिन राशन नहीं मिलने के कारण उन्हें और परिवार के लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। त्योहार और बारिश के इस मौसम में खाद्यान्न के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।

दो गांव के सैकड़ों आदिवासी परिवार 6 माह से खाद्यान्न मिलने की बाट जोह रहे

आदिवासी गांव लालियाखेड़ी और झरखेड़ा के 325 गरीब परिवार पिछले 6 माह से डीपीएस प्रणाली के तहत खाद्यान्न मिलने की बाट जोह रहे हैं। आखिरकार मंगलवार को इनका सब्र का बांध टूट गया और बड़ी संख्या में यह एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम से गुहार लगाते हुए कहा कि राशन वितरण करने वाले विंध्याचल स्व सहायता समूह द्वारा खाद्यान्न वितरण में की अनियमितताएं बरती जा रही है। उन्हें पिछले 6 माह से खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है। सेल्समैन द्वारा पीडीएस मशीन में अगुंठा लगवाकर हाथ से लिखी पर्ची तो दी जाती है, लेकिन राशन का नियमित वितरण नहीं किया जा रहा है।



इछावर। गांव बरखेड़ाकुर्मी में सेल्समैन द्वारा नगद राशि दी जा रही है।

जांच कर कार्रवाई की जाएगी

उक्त मामलों की जांच जेएसओ से कराई जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वाति मिश्रा, एसडीएम

द ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

सीहोर। द ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल, सीहोर में फॉनिक्स प्रशिक्षण कार्यशाला-2026 का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यशाला की विशेष प्रशिक्षक ज्योति पाठक, फॉनिक्स शिक्षिका एवं प्रशिक्षक, देवास (म.प्र.) रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन एवं शिक्षकों द्वारा ज्योति पाठक तथा विशेष अतिथि शिक्षिका कोपल अग्रवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए किया गया।

प्राचार्या ने अपने संबोधन में शिक्षकों को नई एवं प्रभावी शिक्षण विधियों को अपनाने तथा विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को अधिक रोचक बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान ज्योति पाठक ने शिक्षकों को फॉनिक्स की प्रभावी शिक्षण विधियों, बच्चों के उच्चारण एवं भाषा कौशल को बेहतर बनाने तथा कक्षा प्रबंधन के महत्वपूर्ण तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से फॉनिक्स को सरल एवं रोचक तरीके से सिखाने के तरीकों का प्रदर्शन किया।




इस अवसर पर कोपल अग्रवाल ने भी शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए अपने अनुभव एवं उपयोगी सुझाव साझा किए। कोपल अग्रवाल विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं पूर्व शिक्षिका भी रह चुकी हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा उन्हें इस विशेष अवसर पर आमंत्रित करने एवं अपनी प्रतिभा साझा करने का अवसर प्रदान करने के लिए विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन साक्षी गोगिया ने किया। कार्यशाला के सफल समापन पर प्रशिक्षक ज्योति पाठक एवं विशेष अतिथि कोपल अग्रवाल को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यशाला सभी शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक रही।

भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव,कलश यात्रा से पावन हुआ समूचा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

सनातन संस्कृति की अमर पताका को गगनगामी करते हुए इछावर नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित कृष्णा चौक पर श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव अपूर्व आध्यात्मिक गरिमा, अनिर्वचनीय उल्लास और अनुपम लोक-उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अलौकिक सुअवसर पर समूचा नगर शिवमय चेतना से स्पंदित हो उठा, मानो कैलास धाम की समस्त ऋद्धियां-सिद्धियां स्वयं इस पावन धरा पर अवतरित हो गई हों।

प्राण-प्रतिष्ठा के पावन पूर्व-संध्या एवं प्रभात काल में आयोजित भव्य जल-यात्रा एवं दिव्य चल-समारोह ने नगर की सांस्कृतिक वैभवता को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया। पीत वस्त्रधारिणी सहस्त्रों धर्मपरायण देवियों ने मस्तक पर कंचन कलश धारण कर जब नगर-भ्रमण किया, तो ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो भक्ति धरातल पर



प्रवहमान हो उठी हो। शंखध्वनि, डमरू के निनाद, वेद मंत्रों की गुंजन और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोषों से संपूर्ण दिगंत प्रतिध्वनित हो उठे। स्थान-स्थान पर नगरवासियों ने तोरण-द्वारों एवं पुष्प-वर्षा से इस अलौकिक शोभायात्रा का भावभीना अभिनन्दन किया।

यज्ञाचार्य के आचार्योक्त निर्देशन में वैदिक ऋचाओं के सस्वर पाठ, अष्टोत्तरशत आहुतियों और पंचामृत अभिषेक के मध्य भगवान पशुपतिनाथ जी के देदीप्यमान विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा शास्त्रोक्त विधि-विधान से पूर्ण हुई। इस धार्मिक अनुष्ठान से कृष्णा चौक का नवनिर्मित देवालय भक्ति, श्रद्धा और आलौकिक ऊर्जा का परम केंद्र बन गया है। संध्या काल में आयोजित महाआरती के उपरांत विशाल महाप्रसाद का वितरण हुआ, जिसमें अपार श्रद्धालुओ ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस संपूर्ण आयोजन ने न केवल भक्ति का अलौकिक वातावरण निर्मित किया, अपितु समूचे नगर को सामाजिक समरसता और सनातन धर्म की सुदृढ़ परंपरा के एक सूत्र में पिरो दिया।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम 29 अगस्त को खजुरिया कलां में

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 29 अगस्त को सीहोर विकासखंड के ग्राम खजुरिया कलां में किया जाएगा। कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का बेहतर एवं सुगम लाभ उपलब्ध कराना है। जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर संबंधित विभागों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

बढ़ती कीमतों को लेकर पोस्टर और नारेबाजी कर सरकार को घेरा

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, शक्कर बांटकर जताया विरोध





हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

बढ़ती महंगाई के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के मार्गदर्शन में किया गया। विधानसभा प्रभारी राजकुमार उपाध्याय केलू की उपस्थिति में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाजार में दुकानदारों, स्थानीय नागरिकों एवं महिलाओं को चम्मच से शक्कर देकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शक्कर के बढ़ते दाम, बिजली के बढ़े हुए बिल, ई-20 पेट्रोल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर पोस्टर और नारेबाजी कर सरकार को घेरा।

शक्कर वितरण के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बरसते पानी में आमजन को संदेश देते हुए कहा कि महंगाई के दौर में आम आदमी की पहुंच में अब इतनी ही मिठास रह गई है प्रदर्शन के दौरान महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज को बुलंद करने का संदेश दिया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता छगनलाल दुबे,पूर्व पार्षद अजय यादव, प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत (सोनू) प्रमोद चौहान, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव,किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, बगवाड़ा मंडलम अध्यक्ष राकेश यादव,पीलीकरार मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, इंटक नेता आमिर पटेल,हेमंत वर्मा,यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, रिंकू दुबे,सुरेश कुमरे,सुशील मीणा, बृजलाल बनिया, बालवीर चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ गया है। खाद्य सामग्री से लेकर बिजली,पेट्रोल और रसोई गैस तक बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम परिवारों पर पड़ रहा है। सरकार को महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

नर्मदा जल लेकर भैरुंदा पहुंचे कांवड़िए यूफोरिया माइंस ने कराया स्वल्पाहार





भैरूंदा। श्रावण माह के अवसर पर मंगलवार को नर्मदा तट नीलकंठ से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था और उत्साह से ओतप्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में कांवड़िए एवं श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। कांवड़ यात्रा नीलकंठ से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए भैरूंदा पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर पहुंचकर नर्मदा जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, अच्छी बारिश और सभी के कल्याण की कामना की। यात्रा में युवाओं के साथ बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु भी शामिल रहे। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से विशेष पहल की गई। ग्राम चीच में कंपनी की ओर से कावड़ियों के स्वागत एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। यात्रा में शामिल कावड़ियों को पेयजल उपलब्ध कराया गया और स्वल्पाहार कराया गया, ताकि लंबी दूरी तय करने के दौरान उन्हें कुछ राहत मिल सके। कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी इस दौरान व्यवस्थाओं में जुटे रहे। श्रद्धालुओं ने भी कंपनी की इस सेवा भावना की सराहना की। यात्रा के दौरान सेवा शिविर में कुछ समय रुककर कावड़ियों ने जलपान किया और इसके बाद अपनी यात्रा आगे जारी रखी।

धार्मिक आयोजनों में सहभागिता सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा : यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कहा गया कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहभागिता करना संस्था की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। क्षेत्र में होने वाले धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की सेवा करने का अवसर संस्था के लिए महत्वपूर्ण है। कंपनी का प्रयास है कि क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं के लिए आवश्यकता के अनुसार सहयोग उपलब्ध कराया जाए। कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, अनुशासन, सेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। ऐसी यात्राओं में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा करना समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक माध्यम है। इस अवसर पर यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड के उच्च अधिकारी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

आरएसएस का युवा संवादः युवा ऊर्जा को सही दिशा मिले तो राष्ट्र निर्माण को मिलेगी नई ताकत

युवाओं से अध्ययन, स्वावलंबन, कर्तव्य और वैचारिक सतर्कता को हिस्सा बनाने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से राजगढ़ के राजबाग में विगत दिवस आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं के सामने राष्ट्र निर्माण, परिवार के संस्कार, स्वावलंबन, डिजिटल दौर की चुनौतियों और सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर व्यापक वैचारिक विमर्श हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत सह कार्यवाह संतोष मीणा ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ऊर्जा है। इस ऊर्जा को सही दिशा और सकारात्मक गति मिल जाए तो युवा राष्ट्र निर्माण की मजबूत ताकत बन सकता है।

युवा की पहली योग्यता उसकी देश भक्ति है

मुख्य वक्ता ने कहा कि युवा की पहली योग्यता उसकी देशभक्ति है। अमीर या गरीब होना उसकी क्षमता का अंतिम पैमाना नहीं है। उन्होंने 'युवा' और 'वायु' का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह वायु निरंतर गतिशील रहती है, उसी तरह युवाओं में भी अपार ऊर्जा होती है। जरूरत इस ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की है। उन्होंने कहा कि युवा का पहला गुरु उसका परिवार है, जहां से उसे अनुशासन, संवेदना, निष्ठा और राष्ट्रबोध के संस्कार मिलते हैं। संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विजयादशमी उत्सव में संचलन, घर-घर संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, प्रमुख लोगों के साथ गोष्ठी और समाज के प्रमुख व्यक्तियों से संवाद जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी क्रम में देशभर में युवाओं के बीच जाकर वैचारिक संवाद स्थापित करने का अभियान चलाया जा रहा है।

वर्तमान में मनोवैज्ञानिक स्तर पर चुनौतियां हैं

उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन सूचनाएं आगे बढ़ाने से बचने की अपील की। कहा कि वर्तमान समय में वैचारिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी चुनौतियां हैं, इसलिए युवाओं को अध्ययन और विवेक के माध्यम से सही-गलत की पहचान करनी होगी। उन्होंने युवाओं से बेरोजगारी की शिकायत करने के बजाय आसपास की समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान का हिस्सा बनने का आह्वान किया। गौ-सेवा को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने, विदेश जाकर ज्ञान और व्यापार का विस्तार करने के साथ मातृभूमि के प्रति संवेदना बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार से मुक्ति की शुरुआत परिवार से करने पर भी जोर दिया गया।

युवा अधिकारों के साथ संविधान के मौलिक कर्तव्य को समझें

मुख्य अतिथि ने युवाओं से कहा कि वे अधिकारों के साथ संविधान में दिए मौलिक कर्तव्यों को भी समझें। उन्होंने कहा कि बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए गूगल पर निर्भर रहने के बजाय पुस्तकों और गंभीर अध्ययन की आदत विकसित करनी होगी। करियर का उपयोग समाज सेवा में भी किया जाना चाहिए। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। कार्यक्रम में संदेश दिया गया कि सशक्त, संस्कारित और जागरूक युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है।

इंसानियत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाया गया

ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस, अंजुमन की निगरानी में नौजवान जमात ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

शहर मुस्लिम समाज द्वारा अकीदत और आपसी भाईचारे के साथ मनाया। इस रूहानी अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ब्यावरा की सरपरस्ती में मुस्लिम नौजवान जमात द्वारा एक ऐतिहासिक व शानदार जुलूस निकाला गया। जुलूस में बुजुर्गों नौजवानों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे रास्ते नात-ए-पाक और दरूदो-सलाम की गूंज से माहौल खुशनुमा बना रहा। जुलूस के जरिए पैगंबर साहब द्वारा दिए गए अमन मोहब्बत रहमदिली और इंसानियत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाया गया। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे इस जुलूस का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक व स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन शांति और कौमी एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में मुस्लिम नौजवान जमात के कार्यकर्ताओं ने सराहनीय योगदान दिया।

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत का मुबारक मौका

अमन और सद्भाव के रास्ते पर चलें: इकबाल हुसैन

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इक़बाल हुसैन ने सभी समाजजनों को पर्व की मुबारकबाद देते हुए कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी इंसानियत को प्रेम दया और भाईचारे का संदेश दिया है। उनके बताए असूलों और रास्ते पर चलकर ही समाज में स्थायी शांति और सौहार्द कायम रखा जा सकता है। जुलूस के सफल समापन पर मुस्लिम नौजवान जमात के सदर जावेद खान ने पुलिस प्रशासन नगर पालिका और प्रशासनिक टीम का बेहतरीन सुरक्षा व सफाई व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ जन व गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

इस मुकद्दस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती हाशिम अजहरी हाफिज शहजाद खान हाफिज महफूज आलम जामा मस्जिद कमेटी सदर सैयद मोहम्मद अली सैयद वकार अली हाजी नासिर हुसैन कुरैशी सैयद इमरान अली कल्लू भाई मंसूरी रईस खान इफ्तेखारउद्दीन भैया शादाब हुसैन कमरुद्दीन खान युनुस अहमद फिरोज लाला नवाब खान साकिब हुसैन कुरैशी इरशाद अंसारी सैयद शौकत अली अनीस खान समीर खान अनवर हुसैन भय्यू सैयद आफताब हुसैन मोहम्मद हुसैन अन्नू गौरी प्रिंस सैयद सद्दाम गद्दी इरशाद हैदर इमरान हैदर मुनव्वर बाबा नुरूद्दीन राइन राजू भाई वेल्डिंग रिजवान अंसारी सैयद अलीम शाहरुख खान अमजद मंसूरी अशफाक खान कासिम हसनैन अली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए चयन


कानरखेड़ी की बेटी पूजा ने रचा इतिहास, नीट पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

प्रतिभा किसी बड़े शहर या सुख-सुविधाओं की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है छोटे से गांव कानरखेड़ी की होनहार बेटी पूजा गोस्वामी ने। पूजा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में शानदार सफलता हासिल करते हुए प्रतिष्ठित गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए अपना स्थान पक्का किया है। गांव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी बेटी ने यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।

मुसीबतों से लड़कर लिखी सफलता की इबारत

पूजा का यह सफर संघर्षों और प्रेरणा की मिसाल है। बचपन में ही उनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया था। माता-पिता के गुजर जाने के बाद पूजा अपने ननिहाल में ही पली-बढ़ीं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उनके नाना चिरोंजी पुरी और मामा लखन पुरी ने कभी उनका हौसला टूटने नहीं दिया। नाना और मामा ने हर मोड़ पर पूजा का संबल बनकर उनकी पढ़ाई को निरंतर जारी रखा। पूजा ने भी उनके विश्वास को टूटने नहीं दिया और अपनी अटूट लगन व अनुशासन से यह मुकाम हासिल कर अपने ननिहाल, समाज और समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया।



गांव में जश्न, बधाई देने वालों का तांता

जैसे ही पूजा का चयन पत्र घर पहुंचा, पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल बन गया। ग्रामीण और समाज के गणमान्य लोग पूजा के घर पहुंचकर उन्हें, उनके नाना और मामा को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूजा की इस सफलता ने गांव के अन्य बच्चों और बेटियों को विपरीत परिस्थितियों में भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की एक नई राह दिखाई है। सीमित संसाधनों और मुश्किलों के बीच पाई गई यह कामयाबी पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

कक्ष 24 घंटे खुला रहेगा, कर्मचारियों की चार पालियों में ड्यूटी लगाई गई

बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ताला, आदेश के बावजूद 24 घंटे ड्यूटी पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

राजगढ़ जिले में मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी के बीच प्रशासन ने बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद सारंगपुर में बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ताला लगा मिलने से प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। तहसीलदार परगना सारंगपुर द्वारा 17 अगस्त 2026 को जारी संशोधित आदेश में आगामी वर्षाकाल को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की चार पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। आदेश के अनुसार पहली पाली सुबह 6 से दोपहर 12 बजे, दूसरी दोपहर 12 से शाम 6 बजे, तीसरी शाम 6 से रात 12 बजे तथा चैथी पाली रात 12 से सुबह 6 बजे तक रहेगी।



कर्मचारियों को बाढ़ नियंत्रण कक्ष में अपने नाम के सामने दर्शाए समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे खुला रहेगा तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी बाढ़ एवं अन्य आपदा संबंधी सूचनाएं प्राप्त होने पर तत्काल प्रभारी अधिकारी को अवगत कराएंगे। कर्मचारियों को ड्यूटी समाप्त होने के बाद रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं, आदेश में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कर्मचारी अनुपस्थित मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बुधवार को हमारे संवाददाता ने दोपहर 3 बजे तहसील परिसर में स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया तो कक्ष में ताला लगा मिलना प्रशासन के आदेशों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करता है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस लापरवाही पर क्या कार्रवाई करते हैं।

इनका कहना है...

हां बाढ़ नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे खुला रखने का निर्देश हैं लेकिन पानी नहीं गिरने के कारण कोई कार्यालय में उपस्थित नहीं होगा, फिर भी में दिखवाता हूं।

रणधीर सिंह मीणा
कार्यपालिका मजिस्ट्रेट सारंगपुर

रक्षाबंधन से पहले बाजारों में बढ़ी रौनक, जमकर की गई खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर

रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बुधवार को सुबह से ही बाजारों में माताओं और बहनों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने रक्षाबंधन की तैयारियों को लेकर कपड़ों, राखी, गोला-नारियल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। राखी की दुकानों पर रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की खूब मांग रही। वहीं कपड़ों, मिठाई और अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही। त्योहार के चलते बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे। रक्षाबंधन से पहले पूरा बाजार गुलजार नजर आया।

समागम सम्मान से नवाजे गए साहित्यकार संजय सक्सेना



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

जिले के साहित्यकार संजय सक्सेना को भोपाल में आयोजित समारोह में समागम सम्मान से सम्मानित किया गया। बुधवार को इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिष्ठित संस्था लोक प्रकाशन ने भोपाल हाट स्थित सभागार में किया था। लोक प्रकाशन विगत 26 वर्षों से शोध एवं संदर्भ आधारित प्रकाशन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर 'समागम' का प्रकाशन कर रही है। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं वर्तमान में मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा रहे। समारोह में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर संजय द्विवेदी, हिंदी साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चैबे, अधिवक्ता सुश्री गुंजन चौकसे, वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता, साहित्यकार मनोज कुमार सहित भोपाल के अनेक वरिष्ठ साहित्यकार, रंगकर्मी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल





मंदसौर। आम आदमी की कमर तोड़ती महंगाई और सरकार की नीतियों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंदसौर शहर और मंदसौर ग्रामीण के नेतृत्व में एक विशाल प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। जनता की आवाज को बुलंद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर गांधी चौराहे से लेकर बीपीएल चौराहा (मिश्रीलाल पेट्रोल पंप) तक एक विशाल पैदल मार्च निकाला। इस दौरान मुख्य रूप से आम आदमी की पहुँच से दूर होती महंगी शक्कर, ए-20 पेट्रोल की आसमान छूती कीमतें व उसमें हो रही मिलावट, डसने वाले बेतहाशा बिजली बिल और रसोई का बजट बिगाड़ने वाले महंगे गैस सिलेंडर जैसे जनहित के गंभीर मुद्दों पर सरकार को जमकर घेरा गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक विपिन जैन ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पूंजीपतियों की सरकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सरकार को आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है और इसकी सभी नीतियां केवल चंद धनकुबेरों को फायदा पहुंचाने के लिए ही बनाई जा रही हैं। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर पूरी तरह से तोड़ दी है और यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक आम आदमी को राहत नहीं मिल जाती। पैदल मार्च के समापन के पश्चात जब प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का समय आया, तब ज्ञापन लेने के लिए तहसीलदार समय पर उपस्थित नहीं हुए। उनके देरी से पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के इस रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई और अपना कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के चरणों में रख दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक नवकृष्णा पाटिल, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजेश रघुवंशी, संगठन मंत्री अजय लोडा, जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष विकास दशोरा, कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला कांग्रेस महामंत्री आदित्य पाटिल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी सत्रहवाला, प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री रूपल संचेती, सेवा दल अध्यक्ष दिलीप देवड़ा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बसंती लाल सोलंकी, जिला कांग्रेस महामंत्री सुरेंद्र कुमावत, जिला कांग्रेस महामंत्री अजय मारु, मंदसौर शहर और मंदसौर ग्रामीण मंडल अध्यक्षगण सहित आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

दीक्षारंभ-2026 में विद्यार्थियों को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

विश्वविद्यालय में गूंजा सफलता का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭मंदसौर

मंदसौर विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए 18 से 25 अगस्त 2026 तक आयोजित सात दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम दीक्षारंभ-2026 का समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक जीवन, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास तथा जीवन के लक्ष्यों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव आर. ठाकुर ने विद्यार्थियों को जीवन में 360 डिग्री विकास का महत्व बताते हुए शिक्षा के साथ कौशल, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि ध्रुव कांत ठाकुर (आईपीएस), महानिदेशक होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट डॉ. रीता गंगवानी ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने और सशक्त व्यक्तित्व निर्माण के महत्वपूर्ण सूत्र बताए।

सात दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. सुब्रत कुमार (सीईओ, पीपल लैब्स), विकास चौधरी (हेड-जेडीसी इंदौर, टीसीएस) एवं मनीष मेहरा (प्रोग्राम मैनेजर, टीसीएस) ने प्रतिस्पर्धी माहौल में लक्ष्य निर्धारण, करियर योजना और आधुनिक कौशल विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रियंक चेलवत ने सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया। इसी क्रम में गौरव गोयल (सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, इंदौर) ने स्टार्टअप, उद्यमिता और एमएसएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. शशी गांधी, (डीन सुंदरलाल पटवा शासकीय मेडिकल कॉलेज, मंदसौर) ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया। वहीं नरेंद्र कारपे (इप्का लेबोरेटरीज) ने कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं और करियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशलों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के विशेष एल्युमनाई सत्र में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र ऋषभ पाटीदार, रानी डामोर, पवन पाटीदार, अर्जुन मालवीय, श्याम पोरवाल एवं रजत श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उद्योग जगत की चुनौतियों और कैंपस से कॉर्पोरेट जीवन तक के सफर के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।




जहां था जंगल, आज गूंजती आस्था, अंजनीलाल धाम साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

कभी घने जंगल, कंटीली झाड़ियों और दुर्गम रास्तों के बीच एक छोटे से चबूतरे पर विराजमान भगवान श्री अंजनीलाल जी का स्थान आज श्रद्धा, सेवा और संकल्प के भव्य केंद्र श्री अंजनीलाल धाम के रूप में पहचान बना चुका है। करीब 52 वर्ष पहले कुछ युवाओं ने जिस निर्जन स्थल पर सेवा का संकल्प लिया था, वह संकल्प आज एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक केंद्र का स्वरूप ले चुका है। वर्ष 1972-73 में कुछ युवाओं ने खुले आसमान के नीचे विराजमान भगवान श्री अंजनीलाल जी की प्रतिमा के लिए छाया की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। करीब 1500 रुपये की लागत से प्रस्तावित टीन शेड के लिए युवाओं ने आपसी सहयोग और जनसहयोग से राशि जुटाई। एक छोटे से प्रयास से शुरू हुई यह यात्रा आगे चलकर मंदिर के निरंतर विकास की आधारशिला बनी। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और श्रद्धालुओं के सहयोग से युवाओं ने मंदिर समिति का गठन किया। समिति के सदस्यों ने स्वयं श्रमदान किया और जनसहयोग से विकास कार्यों को गति दी। दान राशि के पारदर्शी उपयोग और सेवा भावना ने समाज में विश्वास कायम किया और धीरे-धीरे इस स्थान का स्वरूप बदलता चला गया।





आज यहां मकराना मार्बल से निर्मित भव्य श्री अंजनीलाल मंदिर, विशाल शिवालय, दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्री राम-जानकी मंदिर, विशाल सभा भवन, आरोग्य भवन, यज्ञशाला, सुंदर पार्क, कार्यालय भवन और विशाल मंदिर द्वार श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। स्वच्छ एवं सुंदर परिसर और अजनार नदी के तट का प्राकृतिक परिवेश इस धाम की सुंदरता को और बढ़ाता है।

एक परंपरा, जो बनी आध्यात्मिक पहचान प्रवचन से महोत्सवों तक बढ़ता रहा कारवां

वर्ष 1974 की चैत्र नवरात्रि में मंदिर पर कलशारोहण के साथ प्रवचन परंपरा की शुरुआत हुई। समय के साथ यहां नवरात्रि महोत्सव, हनुमान जयंती, शरद पूर्णिमा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होने लगे। संत-महात्माओं और विद्वानों के प्रवचनों ने इस धाम की आध्यात्मिक पहचान को और मजबूत किया। श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री कैलाश गुप्ता टाटा के अनुसार, मंदिर निर्माण और विकास की लंबी यात्रा के बाद अब ट्रस्ट सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों को विस्तार देने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है।

युवाओं के संकल्प से बनी सेवा की मिसाल

पांच दशक से अधिक समय पहले एक छोटे से चबूतरे से सेवा की शुरुआत करने वाले युवाओं का समर्पण आज ब्यावरा के लिए प्रेरणा बन चुका है। तत्कालीन समिति के सदस्यों, वरिष्ठजनों और श्रद्धालुओं के निरंतर सहयोग से यह धाम समय के साथ विकसित होता गया। श्री अंजनीलाल धाम आज केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का जीवंत केंद्र है। एक छोटे से चबूतरे से शुरू हुई यह यात्रा बताती है कि जब आस्था के साथ संकल्प, सेवा और जनसहयोग जुड़ते हैं, तो वीरान स्थल भी भव्य आस्था के धाम में बदल सकता है।



बड़वाले घाट पर श्रावणी उपाकर्म किया गया

विदिशा। मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा बड़वाले घाट पर श्रावणी उपाकर्म किया गया है जिसमें 10 विधि स्नान पंच गव्य पान संध्या तर्पण पंचांग पीठ पूजन इसके उपरांत ब्रह्म यज्ञ तथा यज्ञोऊ पवित्र को अभिमंत्रित करके धारण किया जाता है जिस वर्ष भर में हुए दोष का प्रायश्चित किया जाता है यह विप्रो का सबसे बड़ा पर्व है इस अवसर पर मध्य प्रदेश पार्टी पुजारी महासभा के अध्यक्ष पंडित संजय पुरोहित पंडित नारायण प्रसाद शर्मा राम लखन भार्गव संजय शास्त्री दीपक भार्गव उपेंद्र रामायणी हेमंत शर्मा राजू शर्मा आदि ब्रह्म शामिल हुए पंडित संजय पुरोहित के आचार्य में पूरा कार्यक्रम विधि संपन्न हुआ।

खबर संक्षेप

आज मनाया जाएगा श्रावणी उपाकर्म पर्व

आष्टा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 28 अगस्त को सुबह 8 बजे विप्र बंधुओं का श्रावणी उपाकर्म पशुपतिनाथ संगम मंदिर आष्टा पर आयोजित होगा। विप्र वैदिक मंडल के संस्थापक पंडित रामभरोसे शर्मा के मार्ग दर्शन में वैदिक मंत्रों द्वारा उज्जैन के विद्वान आचार्य पंडित सुनील शर्मा शास्त्री के द्वारा पूर्ण विधि विधान से, दशविधि, स्नान देव तर्पण, ऋषि तर्पण पितृ तर्पण देव यज्ञ, पितृ यज्ञ, मनुष्य एवं नुतन यज्ञोपवित धारण करवाया जाएगा। पूजन सामग्री की व्यवस्था विप्र वैदिक मंडल द्वारा उपलब्ध की जाएगी। अध्यक्ष विप्र वैदिक मण्डल पंडित मनीष पांडिया एवं समस्त वैदिक मंडल के वैदिक बंधु सभी विप्र बंधु सादर आमंत्रित हैं।

भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महापर्व मनाया

आष्टा। सिंधी समाज द्वारा भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महापर्व, अखंड ज्योति एवं बेहराणा साहिब महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और उमंग के साथ मनाया। 40 दिनों तक चले महापर्व में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम, आरती-वंदन और प्रार्थना का आयोजन किया गया। सिंधी पंचायत अध्यक्ष मनोहर भोजवानी ने बताया कि सिंधी समाज में भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महापर्व का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि दुष्ट शासक मिरख शाह द्वारा सिंधी हिंदुओं को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किए जाने पर समुदाय ने सिंधु नदी के किनारे 40 दिनों तक अनवरत तपस्या की। तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान श्री झूलेलाल वरुण देव के स्वरूप में प्रकट हुए और समाज की रक्षा की। तभी से चालीसा महापर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने बताया कि बेहराणा साहिब महापर्व का प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान है। इसे आटे के दीपक को फूलों से सजाकर विधि-विधान से पूजा जाता है। महापर्व के अंतिम दिन समाजजन एकत्रित हुए और बेहराणा साहिब को सिर पर धारण कर आशीर्वाद लिया। सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद देश-विदेश में रह रहे समाजजनों सहित देश की खुशहाली, समृद्धि और सुख-शांति की प्रार्थना की गई।

समरसता कलश वंदन यात्रा आष्टा पहुंची, विधायक ने की अगवानी

कलश पूजन किया, मंदिर समिति की मांग पर 5 लाख की विधायक ने की घोषणा

पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों के साथ की कलश पूजन।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर रही संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650 वीं की जन्म जयंती के उपलक्ष में निकाली जा रही समरसता कलश रथ यात्रा गुरुवार शाम आष्टा पहुंची। ग्रामीण अंचल से उक्त रथ यात्रा वार्ड 15 से आष्टा नगर में प्रवेश किया। वार्ड 15 में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में उक्त रथ यात्रा की अगवानी नगर अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने भाजपा के सभी पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओ,जनप्रतिनिधियों के साथ की एवं कलश पूजन कर पुष्प अर्पित किए।

आष्टा पहुंची समरसता कलश रथ यात्रा वार्ड 15 इंद्रा कॉलोनी, कन्नौद रोड, मंडी गेट,अदालत रोड से होते हुए गल चौराहे पर स्तिथ बाबा रामदेव मंदिर पहुंची यहां उपस्तिथ नागरिकों ने कलश का पूजन कर पुष्प चढ़ाए। रात्रि में मंदिर में भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दूसरे दिन उक्त रथ यात्रा कोठरी से गुराड़िया रूपचंद, मुबारकपुर, बागेर,भंवरा, भटनी, अरनिया राम, बमुलिया भाटी, जगमालपुर से होते हुए आष्टा नगर में प्रवेश किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, प्रमोद डोंगलिया देवास, टिकेंद्र प्रतापसिंह देवास, कमल अहीरवार देवास, मनीष डांगी, आष्टा नगर अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, ऋतु जैन, कैलाश बगाना, रायसिंह मेवाड़ा, सुशील संचेती, तारा कटारिया, राजा कलेक्टर, विशाल चौरसिया, कुमेरसिंह मिठ्ठुपुरा सरकार, कृपालसिंह ठाकुर, धनरूपाल जैन, मोहित सोनी, संध्या बजाज, जितेंद्र सिटोलिया, अर्जुन ठाकुर, सुरेश परमार, देवकरण पहलवान, भगवत मेवाडा, अनिमेष सोनी, राजेश घेंघट, शिव प्रजापति, तोषनारायन भूतिया, हरेन्द्र ठाकुर, भगवतशरण लोधी, कल्लु मुकाती, अनिल धनगर, मनोहर भोजवानी, दुलीचंद कुशवाह,प्रवेश शर्मा, सहित सभी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया।

बाबा रामदेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को सभी वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा की यह यात्रा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली वाराणसी काशी स्थित श्री गोवर्धनपुर से प्रारंभ की गई है, जो आष्टा पहुंची है। समरसता कलस में पवित्र जल और मिट्टी से भरे कलसो को रथ के माध्यम से संपूर्ण देश राज्य एवं जिला तहसील व गांव गांव तक पहुंचाया गया है। इससे यात्रा मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता का भाव पैदा करना एवं संत रविदास जी महाराज के विचारों को आम जनता तक पहुंचना है। इस यात्रा का गांव-गांव एवं नगरों में पवित्र कलश की पूजा अर्चना की जा रही है। जिसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी को लेकर आज विधानसभा क्षेत्र के ग्रामो में कलश वंदन यात्रा में कलश की पूजा अर्चना कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक लोग मातृशक्ति भी उपस्थित थे। रेकवाल समाज के अध्यक्ष अरविंद रेकवाल की मांग पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने 5 लाख रुपए मंदिर में विकास कार्य के लिए देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन विशाल चौरसिया ने एवं आभार देवकरण पहलवान ने किया।

श्रावण मास में पशुपतिनाथ मंदिर पर हो रहा अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रावण मास के अवसर पर पशुपतिनाथ संगम मंदिर में प्रतिदिन भगवान पशुपतिनाथ का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया जा रहा है। गुरुवार को भी मंदिर में विधि-विधान के साथ भगवान पशुपतिनाथ का अभिषेक संपन्न हुआ। अभिषेक के उपरांत शुभम निखिल कुशवाहा द्वारा भगवान पशुपतिनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया तथा पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न की गई।

आयोजन में सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व पार्षद, अभा कुशवाहा महिला महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता नरेंद्र कुशवाहा, स्नेहा कुशवाहा, अनमोल कुशवाहा, राज कुशवाहा ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना में सहभागिता की। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने भगवान भोलेनाथ एवं पशुपतिनाथ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का पावन पर्व है। इस माह में भगवान शिव का अभिषेक, पूजन एवं आराधना करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से श्रावण मास में धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर भगवान शिव की भक्ति एवं सनातन संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। नरेंद्र कुशवाहा ने शुभम निखिल कुशवाहा की धार्मिक गतिविधियों के प्रति लगन एवं श्रद्धा की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी का इस प्रकार नियमित रूप से भगवान शिव की पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं श्रृंगार जैसे धार्मिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता करना सराहनीय है। इससे युवाओं में संस्कार, संस्कृति और धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है तथा अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है।

युवाओं की विभिन्न समस्याओं का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

युवाओं की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आगामी 19 सितंबर को युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। युवा भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल रिंकू का जन्मदिन भी शहर के युवाओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा इसी दिन मनाया जाएगा। गुरुवार को आयोजित बैठक में युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं को

विधायक सुदेश राय का युवा सम्मेलन आयोजन को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजित होने वाले भव्य 'युवा सम्मेलन' की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का गुरुवार को आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने सहभागिता निभाई। बैठक के दौरान राजकुमार जायसवाल 'रिंकू' ने उपस्थित युवाओं से सीधे संवाद किया।

उन्होंने युवाओं से आयोजन के स्वरूप और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा उनके सुझाव और मार्गदर्शन प्राप्त किए। युवाओं ने भी सम्मेलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण विचार साझा किए। इस बैठक की सबसे प्रमुख बात यह रही कि आगामी 19 सितंबर को होने वाला यह युवा सम्मेलन केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान का प्रमुख मंच बनेगा। सम्मेलन के दौरान युवाओं की शिक्षा, रोजगार और स्थानीय समस्याओं को गहराई से सुना जाएगा और उनके निराकरण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

आयोजित की गई बैठक में युवाओं की उपस्थिति और ऊर्जा को देखते हुए यह तय माना जा रहा है कि 19 सितंबर का युवा सम्मेलन क्षेत्र में युवा एकजुटता की एक नई मिसाल पेश करेगा। उपस्थित युवाओं ने संकल्प लिया कि वे इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाएंगे।

रक्षासूत्र बांधकर धर्म और साधु-संतों की रक्षा का संकल्प लेंगे श्रद्धालु

आष्टा। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में तीन दिवसीय रक्षाबंधन महामंडल विधान का बुधवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ शुभारंभ हुआ। 28 अगस्त को महाअर्घ्य अर्पित कर विधान की पूर्णाहुति होगी। इसके बाद श्रद्धालु एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर धर्म और साधु-संतों की रक्षा का संकल्प लेंगे। तीनों दिन सुबह 7 बजे से धार्मिक अनुष्ठान होंगे। आयोजन में प्रतिदिन शांतिधारा, जिनाभिषेक, नित्य पूजन और रक्षाबंधन महामंडल विधान का संगीतमय पूजन किया जाएगा। मुनि संघ की मंगल दिव्य देशना का धर्मलाभ भी श्रद्धालुओं को मिलेगा। मुनि सागर महाराज ने बताया कि निर्ग्रंथ महा मुनिराज अकलंकाचार्य आदि 700 मुनिराजों की रक्षा से जुड़े महान पर्व श्री रक्षाबंधन के पुण्य अवसर पर विधान का आयोजन किया गया है। आयोजन में मुनिश्री मुनि सागर जी महाराज, मुनिश्री अभेद सागर महाराज, मुनिश्री अगम्य सागर महाराज व ऐलक मंथन सागर महाराज का सान्निध्य श्रद्धालुओं को मिल रहा है। आयोजन ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी के निर्देशन में संपन्न होगा। विधान के शुभारंभ के बाद नगर गौरव अगर्भ सागर महाराज ने रक्षाबंधन पर्व की धार्मिक महत्ता बताते हुए कहा कि यह धर्म, धर्मायतन और संतों की रक्षा का पर्व है। उन्होंने कहा कि संकल्पपूर्वक माता-बहनों सहित सभी को रक्षा सूत्र बांधना चाहिए। उन्होंने रक्षाबंधन से जुड़ी धार्मिक कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि श्रुत सागर महाराज के समय उज्जैन के राजा के चार मंत्रियों से विवाद हुआ था। विवाद में हारने के बाद मंत्रियों ने बदला लेने का प्रयास किया और मुनिराज के साथ उपसर्ग किया। राजा ने उन्हें देश से निष्कासित कर दिया। मुनि विष्णुकुमार ने सात सौ मुनिराजों का उपसर्ग दूर किया था। इसके बाद सभी मुनिराजों को आहार में खीर दी गई और उसी अवसर पर एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधा गया। इसी प्रसंग से रक्षाबंधन पर्व की परंपरा शुरू होने की मान्यता है।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दिव्यांग बेटी से किया वादा पूरा किया, खिलाड़ी को भेंट की स्कूटी

आष्टा। कुछ माह पूर्व मप्र दिव्यांग क्रिकेट टीम की कप्तान जो की आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छायन कला तहसील जावर की रहने वाली हैं। इंदौर में रहकर नेहरू स्टेडियम में अपने निवास आनंद नगर से जाने आने में काफी परेशानी का सामना करके जाती-आती है। पिता और परिवार की आर्थिक स्तिथि इतनी ठीक नहीं होने के कारण स्कूटी ले सके। जब खिलाड़ी राधा बड़गुर्जर को आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की संवेदनशीलता एवं उनके कार्यालय में जनसुनवाई में समस्याओं के हल किए जाने की जानकारी लगी तब कुछ माह पूर्व क्रिकेटर राधा बड़गुर्जर ने आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से भेंट कर अपने दिव्यांग होने के कारण क्रिकेट की प्रैक्टिस करने के लिए जाने आने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, अपनी वैशाखीयों का ही सहारा होने आदि की जानकारी दी और एक मांग पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने एक स्कूटी उपलब्ध कराने की मांग की। आष्टा के संवेदनशील विधायक ने उस वक्त अपने क्षेत्र की उक्त दिव्यांग बेटी क्रिकेटर राधा बड़गुर्जर से वादा किया की वे उसे एक स्कूटी उपलब्ध करायेंगे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दिव्यांग क्रिकेटर बेटी राधा बड़गुर्जर को आमंत्रित किया और जनसुनवाई में आए क्षेत्र के सभी आशीर्वाददाताओं की उपस्तिथी में दिव्यांग बेटी का स्वागत, सम्मान कर विधायक इंजीनियर ने बेटी से किया वादा निभाया ओर बेटी को स्कूटी की चाबी भेंट कर बेटी को खुशी खुशी स्कूटी के साथ रवाना किया। दिव्यांग क्रिकेटर बेटी ने आज जब अपना वो सपना जो अपने परिवार की आर्थिक स्तिथि के कारण पूरा नही होने का मानस बना लिया था,उस सपने को अपने सामने स्कूटी के रूप में पूरा होते देख चेहरे पर अपार खुशी दिखी। स्कूटी की चाबी पा कर खुशी से लबरेज बेटी ने विधायक का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

खाचरोद सहित अन्य ग्राम पंचायतों तक पहुंची समरसता कलश वंदन यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में निकाली जा रही समरसता कलश वंदन यात्रा गुरुवार को आष्टा से होते हुए पदम श्री लहसुडलिया विजय सिंह भुपोड खामखेड़ा होते हुए खाचरोद पहुंची, जहां पर ग्राम के सरपंच शंकर पटेल जाट द्वारा समरसता कलश यात्रा की अगवानी कर स्वागत किया गया। बैंड बाजो के साथ बस स्टैंड से जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया।

जहां पर सरपंच शंकर पटेल जाट द्वारा ग्राम वासियों के साथ कलश की पूजन कर पुष्प अर्पित किए गए। आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गुरु रविदास जी की जन्मस्थली वाराणसी काशी स्थित गोवर्धनपुर से प्रारंभ की गई है जो खाचरोद पहुंची। समरसता कलश में पवित्र जल और मिट्टी से भरे हुए कलसो को रथ के माध्यम से संपूर्ण देश राज्य व जिला तहसील के गांव गांव तक पहुंचाया गया है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता का भाव पैदा करना है एवं संत रविदास जी महाराज के विचारों को आम जनता तक पहुंचना है।

इस मौके पर खाचरोद ग्राम पंचायत सरपंच शंकर पटेल जाट, भुजराम जाट, अरुण जाट सोहन सोनी, दीपक प्रजापति, जांगड़ा समाज तहसील अध्यक्ष शंकर पेरवाल, मांगीलाल पेरवाल, रतन सिंह मालवीय व यात्रा में आए समस्त भाजपा के पदाधिकारी व कार्य करता उपस्थित थे।

डीडी कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं ने उत्साह से मनाया रक्षाबंधन का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन के त्यौहार को डीडी कॉन्वेंट स्कूल में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा नगर परिषद के समस्त स्टाफ को रक्षा सूत्र बांधकर मिठाई खिलाई नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय ने छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की उन्होंने अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित कियानगर पालिका उन्होंने ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आपसी सद्भावना,संस्कार और अच्छे गुणों का विकास होता है। इस अवसर पर स्कूल संचालक जे.के. त्रिपाठी, अध्यापिकाएं ज्ञानदा सेगर,उमा सैनी, कविता सोनपुरे, अंकिता मसीह एवं रूपाली सहित आकाश मसीह, तथा नगर परिषद का स्टाफ उपस्थित रहा।

दूधी नदी संरक्षण पर कुरावर में वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

गांव की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देना जरूरी: राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर कुरावर दूधी नदी को पुनर्जीवित करने की पहल अब केवल नदी की सफाई तक सीमित नहीं रहेगी। इसे जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, ऊर्जा, कृषि, रोजगार और तकनीकी नवाचार से जोड़कर गांव के समग्र विकास का आधार बनाने पर बुधवार को कुरावर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वैज्ञानिक संवाद हुआ। दक्षिण कोरिया से जुड़े सीनियर रिसर्चर डॉ. आकाश पटेल, वैज्ञानिक डॉ. सत्यम मिश्रा और डॉ. राजकुमार मालवीय ने ग्रामीणों के बीच विज्ञान आधारित समाधान और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग की संभावनाएं रखीं। संवाद में विशेषज्ञों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई तस्वीर बाहर से संसाधन लाने से नहीं, बल्कि गांव में पहले से मौजूद संसाधनों की पहचान, वैज्ञानिक उपयोग और बेहतर प्रबंधन से तैयार की जा सकती है। गोबर, फूड वेस्ट, फसल अवशेष और पेड़-पौधों से निकलने वाली जैविक सामग्री को उपयोगी उत्पादों में बदलने से जहां कचरे की समस्या घटेगी, वहीं ऊर्जा, खाद और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।

दक्षिण कोरिया से जुड़े सीनियर रिसर्चर डॉ. आकाश पटेल ने महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की डव्वा ग्राम पंचायत का उदाहरण देते हुए बताया कि किसी गांव का विकास उसकी स्थानीय परिस्थितियों और उपलब्ध संसाधनों को समझकर किया जाए तो परिणाम लंबे समय तक दिखाई देते हैं। उन्होंने सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पौधरोपण और ठोस कचरा प्रबंधन को एक साथ लागू करने की अवधारणा समझाई। उन्होंने बताया कि डव्वा पंचायत को क्लाइमेट एक्शन स्पेशल पंचायत अवॉर्ड के तहत राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित किया गया और एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिली। वहां सार्वजनिक परिसरों, स्कूल और बड़ी संख्या में घरों में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के साथ जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार के लिए काम किए गए।

डॉ. पटेल ने कहा कि कुरावर में भी पहले स्थानीय संसाधनों की मैपिंग हो। इसके बाद यह तय किया जाए कि किस संसाधन का उपयोग ऊर्जा, खाद, जल संरक्षण या रोजगार के लिए किया जा सकता है। उनका जोर 'वेस्ट टू रिसोर्स' से आगे 'रिसोर्स टू इनकम' की सोच विकसित करने पर रहा। उन्होंने कहा कि गांव की समस्या को तकनीकी चुनौती मानकर उस पर प्रयोग किए जाएं तो स्थानीय युवाओं के लिए नए काम भी तैयार हो सकते हैं। डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि दूधी नदी को बचाने की कोशिश केवल नदी के किनारे तक सीमित रखने से स्थायी परिणाम नहीं आएंगे। नदी के आसपास के खेत, नाले, भूजल, जल निकासी, कचरा और गांव की रोजमर्रा की गतिविधियां एक-दूसरे से जुड़ी हैं। इसलिए नदी संरक्षण के लिए पूरे क्षेत्र को एक इकाई मानकर योजना बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि "दूधी में सिर्फ पानी नहीं, गांव का भविष्य बहता है।" नदी में पहुंचने वाले कचरे को स्रोत पर रोकना, वर्षाजल को अधिक से अधिक जमीन में उतारना, भूजल स्तर सुधारना और जैविक कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलना इस अभियान की महत्वपूर्ण कड़ियां हो सकती हैं। डॉ. मालवीय ने कहा कि गांव में निकलने वाला गोबर, भोजन का अवशेष और कृषि अपशिष्ट यदि वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्कृत किया जाए तो बायोगैस, जैविक खाद और ऊर्जा का स्रोत बन सकता है। इससे नदी में जाने वाला कचरा घटेगा और ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक गतिविधियों की संभावना बढ़ेगी। ग्राम पंचायत सरपंच सुमित्रा देवी ने कहा कि दूधी नदी का संरक्षण किसी एक संस्था या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है। इसे जनभागीदारी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से पानी, कचरा, खेती और पर्यावरण को लेकर वैज्ञानिक उपाय अपनाने और अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की।

मालवीय बलाई समाज युवा संगठन की बैठक संपन्न, संजू बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर में मालवीय बलाई समाज युवा संगठन की बैठक बुधवार को सुबह 9 बजे देव मालवीय जावर के निवास पर आयोजित की गई। जिसमें सभी समाज की युवा पीढ़ी और सभी की सहमति से बलाई मालवीय युवा संगठन में अध्यक्ष संजू मालवीय, उपाध्यक्ष फतेसिंह मालवीय, कोषाध्यक्ष हेमराज मालवीय और सचिव भीम सिंह मालवीय को बनाया गया। इसी के साथ ही सभी पदाधिकारी को मालवीय समाज के द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की और उक्त बैठक में मालवीय बलाई समाज के वरिष्ठ लोग युवा पीढ़ी उपस्थित रहे।